# बीएचयू में बनेगा नेशनल एजिंग सेंटर

## चर्चा में क्यों?

19 अक्तूबर, 2023 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने उत्तर प्रदेश में नेशनल एजिंग सेंटर बनाने की स्वीकृति के संदर्भ में उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।

## प्रमुख बिंदु

- उत्तर प्रदेश के बीएचयू में देश का तीसरा जीरियाट्रिक केयर एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर (नेशनल एजिंग सेंटर) बनेगा। वर्तमान में इस तरह के सेंटर एम्स, दिल्ली एवं मद्रास (चेन्नई) मेडिकल कॉलेज में चल रहे हैं।
- 'नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थकेयर ऑफ द एल्डरली' के तहत बनने वाले इस सेंटर का सबसे ज़्यादा लाभ बुजुर्गों को मिलेगा। इस सेंटर के बनने से बुजुर्गों को इलाज कराने हेतु ज़्यादा भटकना नहीं पड़ेगा। इस सेंटर में सभी बीमारियों का इलाज हो सकेगा।
- इस सेंटर का निर्माण बीएचयू, उत्तर प्रदेश के पुराने पेट्रोल पंप वाले स्थान पर होगा। यह सेंटर छह मंज़िला भवन का होगा, जिसमें 200 बेड होंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-aging-center-will-be-built-in-bhu